हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 16 मई 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सरकार देशवासियों के लिए व्यापार में आसानी और जीवन सुगम बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने विदेश यात्रा पर उपकर, कर या अधिभार लगाने से संबंधित रिपोर्ट खारिज कर दी। उन्होंने कहा कि यह रिपोर्ट पूरी तरह से झूठी और निराधार है। प्रधानमंत्री ने कहा कि विदेश यात्रा पर इस तरह के प्रतिबंध लगाने का कोई प्रश्न ही नहीं हैं।

****

नीट यूजी परीक्षा 21 जून को होगी। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी-एनटीए ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा के उम्मीदवार बृहस्पतिवार तक अपना वर्तमान पता और प्रथम तथा दूसरी वरीयता के शहर का नाम अपडेट कर सकते हैं। परीक्षा दोपहर बाद 2 बजे से शाम पांच बजकर 15 मिनट तक होगी। पेपर लीक होने के कारण 3 मई को आयोजित परीक्षा रद्द कर दी गई थी। सीबीआई इस मामले की जांच कर रही है।

****

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड-सीबीएसई ने 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए परिणाम घोषित होने के बाद उपलब्ध सुविधाओं के बारे में नोटिस जारी किया है। इसमें निष्पक्ष, पारदर्शी और समान मूल्यांकन प्रक्रिया के लिए प्रतिबद्धता को दोहराया गया है। बोर्ड ने कहा है कि जो विद्यार्थी अपने परिणामों से संतुष्ट नहीं हैं, वे दो चरणों वाली समीक्षा प्रणाली का लाभ उठा सकते हैं। इसके पहले चरण में, विद्यार्थी अपनी उत्तर पुस्तिकाओं की स्कैन की गई प्रतियां मांग सकते हैं।

****

आकाशवाणी की स्थापना के 90 गौरवशाली वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आकाशवाणी के चंडीगढ़ केंद्र द्वारा आज वाकेथान का आयोजन किया। चंडीगढ़ की सुखना झील पर आयोजित इस वाकेथान को प्रसारभारती के चंडीगढ़ में जोनल प्रमुख सुमित गोयल ने झंडी दिखाई।अढ़ाई व 5 किलोमीटर की इस वाकेथान में आकाशवाणी प्रमुख विकास भट्ट, समाचार प्रमुख अश्विनी कुमार शर्मा व कार्यक्रम प्रमुख पूनम अमृत सिंह सहित आकाशवाणी परिवार के सेवारत व सेवामुक्त कर्मचारियों व अधिकारियों और उनके परिवारिक सदस्यों ने उत्साह के साथ भाग लिया।

आकाशवाणी की स्थापना 1936 में हुई थी। स्थापना के 90 वर्ष पूरे होने पर मई माह में देश भर के केंद्रों में वॉकथॉन व अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य जन जन की वाणी आकाशवाणी की "बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय" की समृद्ध विरासत का जश्न मनाना है।

****

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में बढ़ते वायु प्रदूषण और कार्बन उत्सर्जन को नियंत्रित करने के लिए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने वर्ष 2027 से दिल्ली में नए सी एन जी और डीजल ऑटो रिक्शा का पंजीकरण बंद करने का निर्णय लिया है।

कल आयोग की 28वीं पूर्ण बैठक में तय किया गया कि इसके स्थान पर केवल इलेक्ट्रिक ऑटो रिक्शा को ही मान्यता दी जाएगी। आयोग के अनुसार आगामी पहली जनवरी से दिल्ली में केवल इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहनों का पंजीकरण होगा। इसके बाद पहली जनवरी 2028 से यह व्यवस्था फरीदाबाद, गुरुग्राम, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर और सोनीपत जैसे उच्च वाहन घनत्व वाले जिलों में लागू होगी।

फरीदाबाद के सड़क सुरक्षा स्वयंसेवकों ने इस फैसले का स्वागत किया है। सड़क सुरक्षा अधिकारी डॉ. सौरभ शर्मा ने कहा कि स्वच्छ परिवहन की दिशा में उठाया गया यह कदम सराहनीय और भविष्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने से पर्यावरण संरक्षण के साथ लोगों को स्वास्थ्य लाभ भी होगा।

****

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं चिरायु योजना का लाभ सहज, त्वरित और बिना किसी बाधा के उपलब्ध करवाने के लिए रोहतक जिला प्रशासन ने आयुष्मान सारथी पोर्टल के माध्यम से विशेष नागरिक सुविधा पहल की शुरूआत की है।

इस पहल के अंतर्गत आयुष्मान योजना के पैनल में शामिल अस्पताल केवल उपचार केंद्र नहीं रहेंगे, बल्कि पात्र नागरिकों के लिए स्वास्थ्य मार्गदर्शक, सुविधा सहयोगी और योजना के सक्रिय क्रियान्वयन भागीदार के रूप में कार्य करेंगे।

रोहतक के उपायुक्त सचिन गुप्ता ने आयुष्मान योजना के अंतर्गत पैनल में शामिल निजी अस्पताल संचालकों एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्देश दिए कि सभी अस्पताल अपने परिसर में आयुष्मान योजना की पात्रता, उपलब्ध चिकित्सा पैकेज, हेल्पलाइन नंबर, मरीज अधिकार और अन्य आवश्यक जानकारी प्रमुखता से प्रदर्शित करें, ताकि नागरिकों को अस्पताल पहुंचते ही योजना की पूरी जानकारी मिल सके। उन्होंने कहा

कि आयुष्मान सारथी पोर्टल अस्पतालों को नागरिक-केंद्रित स्वास्थ्य सेवा प्रणाली का सक्रिय साझेदार बनाएगा।

****